वी.यू. में प्रिंट मीडिया तथा डिजिटल मीडिया बन्धुओं से आत्मिक भेंट

आज दिनांक 28/5/2022 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ सीता प्रसाद तिवारी जी के दिशा निर्देशन में समस्त प्रिंट मीडिया तथा डिजिटल मीडिया बन्धुओं से आत्मिक भेंट का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत समाचार पत्रों से आए संपादक एवं प्रतिनिधि बंधुओं का परिचय एवं स्वागत पौधा रोपित गोबर से बने गमले भेंट कर किया गया। तद् उपरांत माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी ने विश्वविद्यालय में चल रहे शोध कार्य एवं अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी के साथ भविष्य में विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए बनाई जा रही कार्य योजनाओं से सभी को अवगत कराया एवं पत्रकार बंधुओं के प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम के अंत में माननीय कुलपति जी ने उपस्थित समस्त पत्रकार बंधुओं को समय–समय पर सकारात्मक सहयोग प्रदान करने हेतु धन्यवाद दिया एवं भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की कामना की।

कार्यक्रम में समाचार पत्रों के संपादक एवं प्रतिनिधि में प्रदेश टुडे के संपादक श्री. पंकज पटेरिया जी, डॉ. राजेश जैसवाल जी, संपादक त्रिपुरी टाईम्स, श्री. दीपक तिवारी त्रिपुरी टाईम्स, श्री. हर्षित चौरसिया श्री. संजय राठौर, दैनिक भास्कर, श्री. जावेद खान, राज एक्सप्रेस, शिवांजलि वर्मा, दी.हितवाद, श्री नीरज उपाध्याय, यश भारत, श्री. अतुल शुक्ला, नई दुनिया, श्री. संजय साहू, हरी भूमि, श्री. नीलेश चौधरी, पी.टी.आई., श्री. राकेश श्रीवास, ए.एन.आई., श्री माईकल चार्ली, देशबंधु, श्री. देवेंद्र विश्वकर्मा, आई.एन.एन., श्री नीलेश घनघोरिया, हैथवे न्यूज, श्री विवेक महोबिया, अग्निबाण, श्री. आकाश निषाद, दैनिक भास्कर डिजिटल आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर. के. शर्मा , संचालक वाइल्डलाइफ डॉ. शोभा जावरे, डॉ. अमोल रोकड़े , डॉ. के.पी. सिंह, डॉ. देवेंद्र उपस्थित रहे कार्यक्रम की रूपरेखा सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ सोना दुबे द्वारा

तैयार की गई तथा संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु डॉ शोभा जावरे, डॉ. अमोल रोकड़े, ट्विंकल रैकवार एवं श्री बालक दास का सहयोग रहा। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉक्टर सोना दुबे द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर